<u>पूर्वोत्तर रेलवे</u>

*श्री डी0 के0 सिंह ,* वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री रवि मिश्र**, कार्यकुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

**''लखनऊ मण्डल के लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के ग्रुप ''डी'' कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।**

द्वारा


जी0 डी0 उपाध्याय
कार्यकुशलता निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर



कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/18/2020–21

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2020–21/18


*******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 18 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 18 / 2020–21 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2020–21 / 18 |
| 4. | विषय | – | ''लखनऊ मण्डल के लखनऊ जं. स्टेशन के वाणिज्य विभाग के ग्रुप ''डी'' कोटि के कर्मचारी संख्या की समीक्षा''। |
| 5. | विभाग | – | वाणिज्य |
| 6. | प्राधिकार | – | वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक द्वारा वर्ष 2020–21 की अनुमोदित कार्याध्ययन सूची। |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कार्यरत ग्रुप ''डी'' कोटि के कर्मचारियों के संदर्भ मे निष्पादित किये जा रहे कार्यभार का विवरण प्राप्त करना। |
| | | (2) | कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना। |
| | | (3) | आवश्यकता से अधिक पाये गये पदों एवं कर्मचारियों को अभ्यर्पित करने हेतु संस्तुति प्रदान करना। |
| 8. | कर्मचारी संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया । | – | 52 |
| 9. | संस्तुति सारांश एवं सुझााव | – | परिशिष्ट– II पर |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या | – | 09 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | रू0 71.40 लाख प्रति वर्ष |
| 12. | वितरण तिथि | – | मार्च / 2021 |

*******

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय– प्रथम** | |
| | प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें । | 1 |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | |
| | कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण व कार्यवृत्त। | 2–5 |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण एवं तद्नुसार संस्तुति | 6–7 |


*******

# आभार

कार्याध्ययन दल श्रीमती मोनिका अग्निहोत्री, मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ, के प्रति विशेष रूप से आभारी है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं तकनीकी निर्देशन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री अम्बर प्रताप सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होने कार्याध्ययन के दौरान पूर्ण सहयोग एवं बहुमूल्य समय प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के नामित पर्यवेक्षक श्री पी0 सी0 भारती, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/लखनऊ जं0 एवं अन्य कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वॉछित सूचनायें एवं आंकड़े उपलब्ध कराने में अपना पूण सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुति सारांश

| क्र0सं0 | संस्तुति | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यह संस्तुति दी जाती है कि लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के ग्रुप ''डी'' कोटि के 09 पद जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक आंकलित किये गये है, को शीघ्र अभ्यर्पित किया जाय । | 3.5 |

*******

# (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेलवे को निम्नलिखित अनुमानित वार्षिक आवर्ती बचत होगी :–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड पे | पदों की सं. | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | कुल मूल्य प्रति माह (रू0 में) | बार्षिक आावर्ती बचत (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रुप ''डी'' | 5200–20200 | 1800 | 09 | 66119 | 595071 | 7140852 |
| योग | | | | **09** | | | **7140852** |

वार्षिक आवर्ती बचत =*रू0 इकहत्तर लाख चालिस हजार आठ सौ बावन मात्र।*

*******

## अध्याय– प्रथम

1.0 प्रस्तावना तथा संदर्भित सीमायें :–

1.1 भारतीय रेल देश का सबसे बड़ा औद्योगिक प्रतिष्ठान है इसके सफल संचालन का कार्य कई विभागों के सम्मिलित प्रयास एवं सक्रिय भागीदारी से होता है।

1.2 वाणिज्य विभाग रेलवे का अति महत्वपूर्ण एवं यातायात के सफल सम्पादन में अपना सीधा सहयोग प्रदान करता है। इसलिए अन्य बड़े औद्योगिक संस्थानों की भॉति रेलवे में भी रेल संचलन तथा उसके रखरखाव में आधुनिक तकनीक का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया गया है।

1.3 इस परिप्रेक्ष्य में रेल प्रशासन द्वारा अपने विभिन्न अनुभागों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की आवश्यकता पर वर्तमान कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में निरन्तर कार्याध्ययन कराया जा रहा है।

उपरोक्त सन्दर्भ में वउमप्र महोदय द्वारा अनुमोदित वर्ष 2020–21 के कार्याध्ययन सूची के सन्दर्भ में कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''लखनऊ मंडल के लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन करने हेतु निम्न संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत निर्देशित किया गया है :–

(1) लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कार्यरत ग्रुप ''डी'' कोटि के कर्मचारियों के संदर्भ मे निष्पादित किये जा रहे कार्यभार का विवरण प्राप्त करना।

(2) कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना।

(3) आवश्यकता से अधिक पाये गये पदों एवं कर्मचारियों को अभ्यर्पित करने हेतु संस्तुति प्रदान करना।

*********

# अध्याय द्वितीय

## 2.0 संगठन, कर्मचारी संख्या एवं कार्यवृत्त :–

2.1 लखनऊ मण्डल का वाणिज्य विभाग मण्डल स्तर पर वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के प्रशासनिक एवं नीति नियंत्रण में कार्य करता है। उनके अधीन मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, सहायक मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, अधिकारी स्तर पर कार्यरत रहते हैं। इसके अन्तर्गत मण्डल मुख्यालय स्तर पर मुख्य वाणिज्य निरीक्ष (CCI), मुख्यालय तथा विभिन्न खण्डों में मण्डल वाणिज्य निरीक्षक (DCI) होते हैं। विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्य लिपिक कोटि के विभिन्न पद संचालित होते हैं जैसे अधीक्षक, माल अधीक्षक, उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य), आरक्षण सह पूछताक्ष लिपिक, बुकिंग लिपिक, आरक्षण पर्यवेक्षक एवं ग्रुप ''डी'' के हम्माल एवं सफाईवाला कोटि के कर्मचारी आते हैं।

2.2 वाणिज्य विभाग में ग्रुप ''डी'' कर्मचारी में हम्माल, रनिंग रूम वेयरर, वेटिंग रूम वेयरर, मार्कामैन एवं सफाईवाला आदि कोटि के कर्मचारी आते हैं। परन्तु इनके कार्य की प्रकृति एक जैसी और गैर तकनीकी है। अतः इनके कार्याध्ययन में रेल राजस्व की बचत एवं उत्पादकता की दृष्टिकोण से मल्टीस्कीलिंग अवधारणा का पूर्ण संज्ञान लिया गया है।

अतः कर्मचारी संख्या के आंकलन में उनके पदनाम के आधार पर आंकलन न कर सम्पूर्ण आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी संख्या पर विचार किया गया है।

2.3 कार्याध्ययन की परिधि में आने वाले ग्रुप ''डी'' कोटि के लखनऊ जं0 स्टेशन पर स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या निम्नवत् है।

| क्र. सं. | पदनाम | ग्रेड–पे | स्वीकृत सं. | वास्तविक सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हम्माल | 1800 | 36 | 29 |
| 2 | वेटिंग रूम वेयरर | 1800 | 14 | 12 |
| 3 | मार्कर | 1800 | 01 | 01 |
| 4 | चपरासी | 1800 | 01 | 01 |
| **योग** | | | **52** | **43** |

2.4 <u>संक्षिप्त कार्य वृत्त</u> :– लखनऊ ज0 स्टेशन पर पदास्थापित हम्माल कोटि के कर्मचारी मुख्य रूप से पार्सल एवं ट्रांजिट एवं आरक्षण बुकिंग कार्यालय कार्यरत हैं। इनकी कार्यवृत्त निम्नवत् है :–

2.4.1 <u>पार्सल कार्यालय में कार्यरत ग्रुप ''डी'' कोटि के कर्मचारी के कार्य का विवरण</u> :– ग्रुप ''डी'' (हम्माल) कर्मचारी ड्यूटी पर आने के बाद सर्वप्रथम दो जगह पर अपनी सेवाएं देते है, पार्सल कार्यालय एवं ट्राजिंट कार्यालय। पार्सल कार्यालय में कार्यरत हम्माल जावक पार्सल जो बुक होने के लिये आते है उन्हें तौलकर उसपर बुकिंग स्टेशन एवं गन्तव स्टेशन का मार्का उस पैकेज पर अंकित करते हैं एवं ऐसे सारे पैकेज जो एक ही रसीद पर बुक होती है, पर पैकेजों की संख्या लिखते हैं, ताकि गन्तवय स्टेशन पर ऐसे पैकेज अनकनेक्टेड न होने पाये। कभी–कभी गाडियों के पार्सलयान में जावक पार्सल हेतु पर्याप्त स्थान न उपलब्ध हो पाने के कारण एक ही रसीद पर बुक किये गये एक से अधिक पैकेजों को एक बार में सारे पैकेज नहीं लादा जा सकता, ऐसी स्थिति में बाकी बजे पैकेजों को हम्माल उसी गन्तव्यके किसी दूसरी गाड़ी में या दूसरे दिन पूनः उसी गाड़ी में अपने पर्यवेक्षक के निर्देशानुसार लादते है। ऐसी स्थिति में पैकेजो पर लगाया गया मार्का उनकी पहचान में सहायक होता है।

इसके अतिरिक्त पार्सल कार्यालय के हम्माल मार्का लगे पैकेजों को पार्सल ट्राली पर लादकर संबंधित गाड़ी के प्लेटफार्म तक पहुचाते हैं तथा वहाॅ ट्रांजिट कार्यालय के कार्यरत से उसकी पावती लेते है।

(।।) ट्रांजिट कार्यालय में कार्यरत हम्माल आवक पार्सलों को उतारते हैं तथा उसे पार्सल कार्यालय में परिदान हेतु पहॅुचाते है। इसके अतिरिक्त बुक किये गये पार्सलों को संबंधित ट्रेन में लादते भी हैं।

2.4.2 आरक्षण कार्यालय/पूछ–ताछ कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, क्लाक रूम में ग्रुप ''डी'' कर्मचारियों के कार्य का सम्पादन :– ग्रुप ''डी'' कर्मचारी द्वारा पीआरएस/एन.आर. से चार्ट ला कर लखनऊ जं0 एवं ऐशबग स्टेशन पहुंचाना। बुकिंग कार्यालय में यू.टी.एस. उपकरणों के रख–रखाव, साफ–सफाई, मांग पत्रों, विभिन्न रिटर्न व रिपोर्टों का रख–रखाव संबंधित कार्य सम्पादित किया जाता है। उप स्टेशन अधीक्षक/वाणिजय कार्यालय में वी.आई.पी. प्रोटोकाल एवं यात्रियों हेतु व्हील चेयर का वितरण संबंधी कार्य किया जाता है। ग्रुप ''डी'' कर्मचारी द्वारा मुख्य चल टिकट निरीक्षक (रेड) कार्यालय एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के कार्यों में सहयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त वेटिंग रूम वेयरर के रूप में भी ग्रुप ''डी'' कर्मचारी कार्य करते है।

2.5 ग्रुप ''डी'' कर्मचारियों द्वारा लखनऊ जं0 पर जिस कार्य बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है, उस कार्यबिन्दु पर सम्पादित हो रहे कार्यों का कार्यभार निम्नवत है :–

2.5.1 पार्सल कार्यालय के कार्यभार :–

| सं. | माह | जावक पार्सल | | आवक पार्सल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भार (कु0) | आय | | भार (कु0) | आय |
| 1 | जनवरी/20 | 16551 | 5834594 | जनवरी/20 | 15498 | 8317851 |
| 2 | फरवरी/20 | 16376 | 6075267 | फरवरी/20 | 16994 | 9238246 |
| 3 | मार्च/20 | 10956 | 4237064 | मार्च/20 | 11030 | 6181677 |
| 4 | अप्रैल/20 | – | – | अप्रैल/20 | – | – |
| 5 | मई/20 | – | 4934 | मई/20 | 4373 | 90683 |
| 6 | जून/20 | 1135 | 610581 | जून/20 | 3942 | 1541050 |
| 7 | जुलाई/20 | 1646 | 776359 | जुलाई/20 | 4854 | 219189 |
| 8 | अगस्त/20 | 1427 | 780411 | अगस्त/20 | 4561 | 2387352 |
| 9 | सितम्बर/20 | 2209 | 1020808 | सितम्बर/20 | 6178 | 3631175 |
| 10 | अक्टूबर/20 | 4597 | 1691779 | अक्टूबर/20 | 10923 | 5298720 |
| 11 | नवम्बर/20 | 5913 | 1795441 | नवम्बर/20 | 9798 | 4291679 |
| 12 | दिसम्बर/20 | 6772 | 2106624 | दिसम्बर/20 | 11024 | 4817671 |
| योग | | **67582** | **24933862** | | **99175** | **47995293** |

## 2.5.2 टिकट संग्राहक के आय का विवरण :–

| Month | HPC | | UBL | | NPC | | Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | No. of Cases | Amount (Rs.) | No. of Cases | Amount (Rs.) | No. of Cases | Amount (Rs.) | |
| जनवरी / 20 | 213 | 66205 | – | – | ` | – | – |
| फरवरी / 20 | 178 | 52320 | 01 | 1590 | – | – | – |
| मार्च / 20 | 164 | 47080 | – | – | – | – | – |
| अप्रैल / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| मई / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| जून / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| जुलाई / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| अगस्त / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| सितम्बर / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| अक्टूबर / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| नवम्बर / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| दिसम्बर / 20 | – | – | – | – | – | – | – |
| योग | 555 | 165605 | 01 | 1590 | – | – | – |

## 2.5.3 आरक्षण कार्यालय के आय का विवरण :–

| माह | मॉग पत्रों की संख्या | यात्रियों की संख्या | आय |
|---|---|---|---|
| जनवरी / 20 | 7362 | 2660 | 536623 |
| फरवरी / 20 | 7193 | 2815 | 501345 |
| मार्च / 20 | 4862 | 1679 | 369830 |
| अप्रैल / 20 | – | – | – |
| मई / 20 | – | – | – |
| जून / 20 | – | – | – |
| जुलाई / 20 | – | – | – |
| अगस्त / 20 | – | – | – |
| सितम्बर / 20 | – | – | – |
| अक्टूबर / 20 | 2366 | 845 | 139243 |
| नवम्बर / 20 | 3440 | 1568 | 239964 |
| दिसम्बर / 20 | 4544 | 1707 | 251139 |
| **योग** | **29767** | **11274** | **2038144** |

## 2.5.4 बुकिंग कार्यालय के आय का विवरण :–

| क्रसं. | माह | यात्रियों की संख्या | आय |
|---|---|---|---|
| 1 | जनवरी / 20 | 280954 | 36681800 |
| 2 | फरवरी / 20 | 301530 | 34393485 |
| 3 | मार्च / 20 | 227785 | 26553895 |
| 4 | अप्रैल / 20 | – | – |
| 5 | मई / 20 | – | – |
| 6 | जून / 20 | – | – |
| 7 | जुलाई / 20 | – | – |
| 8 | अगस्त / 20 | – | – |
| 9 | सितम्बर / 20 | – | – |
| 10 | अक्टूबर / 20 | – | – |
| 11 | नवम्बर / 20 | – | – |
| 12 | दिसम्बर / 20 | – | – |
| योग | | 810269 | 97629180 |

********

## अध्याय तृतीय

## 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण एवं संस्तुतियॉ

3.1. कर्मचारी सं0 का ऑकलन वर्तमान कार्यभार एवं व्यवहारिक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। कार्याध्ययन में इस बात का ध्यान रखा गया है कि वर्तमान में वेयर रिक्वायरमेन्ट के अतिरिक्त कर्मचारी का प्रतिशत क्या हो। साथ ही साथ कार्यभार, व्यवहारिक दृष्टिकोण, तक्नीकी परिवर्तन, रेल राजस्व में बचत तथा सुविधाओं सहित सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारी संख्या का ऑकलन किया गया है।

3.2 कर्मचारी संख्या आंकलन में यह ध्यान रखा गया है कि वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों का अधिकतम उपयोगिता उनके कार्य पाली में हो।

### 3.3 लखनऊ जं. स्टेशन के कार्यभार के अनुसार आवश्यक कर्मचारी संख्या का ऑकलन :–

3.2 पार्सल एवं ट्रांजिट कार्यालय :–

1. ट्रांजिट कार्यालय प्रतिपाली 3 कर्मचारी x3 पाली = 09 कर्मचारी
2. परिदान (आवक) प्रतिपाली 1 कर्मचारी x 2 पाली = 02 कर्मचारी
3. मार्कामैन प्रतिपाली 1 कर्मचारी x 2 पाली = 02 कर्मचारी
4. रिकार्ड लिफ्टर 01 (सामान्य पाली) = 01 कर्मचारी

योग = 14 कर्मचारी

3.3 आरक्षण कार्यालय/बुकिंग कार्यालय :– दोनों कार्यालय हेतु सम्मिलित रूप से प्रतिपाली 1 कर्मचारी के हिसब से प्रतिदिन 02 पालियों हेतु कुल = 02 कर्मचारी

3.4 क्लाक रूम हेतु :–
प्रतिपाली ग्रुप ''डी'' के 01 कर्मचारी के हिसाब से 02 पाली हेतु कर्मचारी कुल संख्या = 02 कर्मचारी की आवश्यकता होगी।

3.5 उप स्टेशन अधीक्षक/वाणिज्य कार्यालय हेतु :– प्रतिपाली 01 कर्मचारी के हिसाब से 02 कर्मचारी की आवश्यकता होगी।

3.6 <u>मुख्य चल टिकट निरीक्षक/रेड कार्यालय</u> :– इस कार्यालय हेतु 01 कर्मचारी की आवश्यकत उचित होगी।

3.7 <u>वेटिंग रूम</u> :–

1. महिला प्रतिक्षालय स्टेशन भवन 1 कर्मचारी x 2 पाली = 2 कर्मचारी
2. पुरूष प्रतिक्षालय स्टेशन भवन 1 कर्मचारी x 2 पाली = 2 कर्मचारी
3. ए0 सी0 लांज स्टेशन भवन 1 कर्मचारी x 2 पाली = 2 कर्मचारी
4. प्लेटफार्म नं. 6 स्थित ए. सी. लांज 1 कर्मचारी x 2 पाली = 2 कर्मचारी
5. प्लेटफार्म नं. 6 स्थित नान ए.सी. लांज 1 कर्मचारी x 2 पाली = 2 कर्मचारी

3.8 स्टेशन निदेशक कार्यालय हेतु ग्रुप ''डी'' कर्मचारी = 1 कर्मचारी

3.9 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक कार्यालय हेतु = 1 कर्मचारी

3.10 <u>लखनऊ जं0 के वाणिज्य विभाग के ग्रुप ''डी'' कर्मचारियों की कुल आवश्यकता</u> :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. पार्सल एवं ट्रांजिट कार्यालय | – | 14 कर्मचारी |
| 2. आरक्षण कार्यालय/बुकिंग कार्यालय | – | 02 कर्मचारी |
| 3. क्लाक रूम | – | 02 कर्मचारी |
| 4. उप स्टेशन अधीक्षक/वाणिज्य कार्यालय | – | 02 कर्मचारी |
| 5. मुख्य चल टिकट निरीक्षक/रेड | – | 01 कर्मचारी |
| 6. वेटिंग रूम | – | 10 कर्मचारी |
| 7. स्टेशन निदेशक कार्यालय | – | 01 कर्मचारी |
| 8. मुख्य वाणिज्य निरीक्षक कार्यालय | – | 01 कर्मचारी |
| कुल कर्मचारी | – | 33 कर्मचरी |
| अवकाशदाता+विश्रामदाता संयुक्त रूप से @ 30% | – | 10 कर्मचरी |
| महायोग | – | 43 कर्मचारी |

<u>अतएव सरप्लस कर्मचारी सं0</u> :–

| स्वीकृत सं. | | प्रस्तावित सं. | |
|---|---|---|---|
| 52 | – | 43 | = सरप्लस 09 कर्मचारी |

3.5 <u>संस्तुतियॉ</u> :–

यह संस्तुति की जाती है कि लखनऊ जं0 स्टेशन के वाणिज्य विभाग के ग्रुप ''डी'' कोटि के 09 पद जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक आंकलित किये गये हैं, शीघ्र अभ्यर्पित किया जाय।

*******